
## सुविचार



जो छोटी-छोटी बातों में सच को गंभीरता से नहीं लेता है, उस पर बड़े मसलों में भी भरोसा नहीं किया जा सकता।

-अल्बर्ट आइंस्टीन


# अमृत विचार

बरेली महानगर

बरेली, मंगलवार, 14 अप्रैल 2026


## बरेली के प्रमुख समाचार


- बरेली पासपोर्ट ऑफिस को फिर मिली बम से उड़ाने की धमकी- II
- इंटरसिटी एक्सप्रेस का औपचारिक विस्तार- III
- एके राइजर्स व फार्मेसी की टीम ने जीते मैच- IV


## सिटी ब्रीफ

### शिक्षणेत्तर कर्मियों को 10 दिन के शोक अवकाश की मांग

**बरेली, अमृत विचार :** शिक्षणेत्तर कर्मचारी सयुंक्त परिषद के जिलाध्यक्ष हरी शंकर ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को 10 दिन का शोक अवकाश दिए जाने की मांग की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि उनके हितों की लगातार अनदेखी की जा रही है। 10 दिन का शोक अवकाश मानवीय आवश्यकता है। कहा कि कर्मचारियों के प्रति सरकार को संवेदनशील रवैया अपनाना चाहिए।

### बीडीए उपाध्यक्ष ने सेंट्रल पार्क का किया निरीक्षण

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. मनिकन्डन ए ने सोमवार को ग्रेटर बरेली परियोजना क्षेत्र एवं सेंट्रल पार्क (रुद्रावनम) का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। अधिकारियों को गुणवत्ता और समय पर कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए। वीसी ने ग्रेटर बरेली को आधुनिक सुविधाओं से युक्त, हरित और सुव्यवस्थित शहर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

## शहर में आज

- अग्निशमन केंद्र पर स्मृति दिवस शोक परेड एवं फायर जागरुकता रैली सुबह 8 बजे
- समाजवादी पार्टी कार्यालय पर डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर कार्यक्रम दोपहर 12 बजे-
- मानव सेवा क्लब के तत्वावधान में सीमा स्मृति साहित्य सम्मान एवं पत्रिका विमोचन समारोह रोटरी भवन सभागार में शाम 6 बजे
- खालसा साजना दिवस वैसाखी पर्व पर मुख्य दीवान खालसा ग्राउंड पीलीभीत रोड पर सुबह 9 बजे से शाम 4 :30 बजे
- डॉ. भीमराव अंबेडकर के जन्मोत्सव समारोह पर शोभायात्रा एवं संगोष्ठी अम्बेडकर पार्क कोतवाली के सामने शाम 6 बजे

## हादसों को दावत



रात 1 बजे नैनीताल रोड पर भीषण जाम का कारण बने भीमकाय ट्रकों की हालत देखकर अंदाजा लगा सकते हैं कि माल की लोडिंग में कायदे-कानूनों की किस तरह धज्जियां उड़ाई जा रही हैं, ऐसे ओवरलोड ट्रक पलटने से कई जगहों पर बड़े हादसे भी हो चुके हैं मगर रोक फिर भी नहीं लग रही। **फोटो-विवरण : हरदीप सिंह टोनी**

# सर्वोदया नगर के पार्क पर जड़ दिए ताले

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- भाजपा नेता पर बच्चों को धमकाने का आरोप लगाते हुए एसडीएम सदर से की शिकायत
- एसडीएम सदर ने बीडीओ और तहसीलदार सदर को जांच सौंपी सीओ सिटी को पत्र भेजा

**अमृत विचार :** सर्वोदया नगर कालोनी में पार्क में बच्चों को नहीं खेलने देने, धमकाने, जुतवा देने और ताला लगाने का मामला सामने आया है। कालोनी के युवाओं ने सोमवार को एसडीएम सदर से मिलकर क्यारा ब्लॉक के एक भाजपा नेता पर पार्क को जबरन बंद कराने का आरोप लगाते हुए शिकायत की। एसडीएम ने बीडीओ क्यारा और तहसीलदार सदर को जांच सौंप दी और सीओ सिटी को भी पत्र जारी किया है।

सर्वोदया नगर कालोनी के तरुन आर्या, आदेश यादव, कुशाग्र, राहुल समेत अन्य युवा सोमवार को एसडीएम सदर प्रमोद कुमार से मिलें। कहा कि उनकी कालोनी में सरकारी पार्क है जहां सुबह-शाम टहलने के साथ कालोनी के बच्चे बॉलीवाल सहित कई खेल खेलते हैं। 10 अप्रैल की शाम वे सभी खेल रहे थे, तभी एक भाजपा नेता आए और पार्क से बच्चों को भगा दिया। धमकाते हुए अभद्र भाषा में बात की। 11 अप्रैल की सुबह पार्क ट्रैक्टर से जुता मिला। बॉलीवाल के पोल बाहर पड़े थे। पार्क पर ताला लगा था। आरोप है कि पार्क का निजी उपयोग किया जा रहा है। वहां कुत्ता घुमाया जाता है और अवैध पार्किंग बना ली है। युवकों ने एसडीएम सदर से कार्रवाई की मांग की। सुभाषनगर पुलिस पर शिकायत करने पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाया। फिलहाल एसडीएम ने जांच के लिए लिखा है।



एसडीएम सदर प्रमोद कुमार से शिकायत करते सर्वोदया नगर के युवक। ● अमृत विचार

# वन मंत्री मध्य में आए, लाल निशान रुकवाए

## ऑफिस पहुंचे तमाम व्यापारी, शिकायत सुनकर डॉ. अरुण कुमार ने अफसरों को किया तलब

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- घंटों चली बैठक, कोहाड़ापीर-धर्मकांटा रोड का काम पूरा होने पर शुरू होगा नया प्रोजेक्ट
- संयुक्त बैठक में लिया जाएगा अंतिम फैसला, उसके बाद ही चलेगा बुलडोजर

**अमृत विचार :** कोहाड़ापीर से नैनीताल रोड तक प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण और अतिक्रमण हटाने के नगर निगम के नोटिस पर 'लाल निशान' के बजाय विराम लग गया है। सोमवार को वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार के कार्यालय पर व्यापारियों की अहम बैठक हुई, जिसमें वनमंत्री ने साफ किया कि व्यापारियों को विश्वास में लिए बिना कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। मंत्री ने निगम के अधिकारियों को तलब कर स्थिति स्पष्ट करने के निर्देश दिए। कहा कि जब तक सभी पक्षों की संयुक्त बैठक नहीं हो जाती, तब तक कोई ध्वस्तीकरण नहीं होगा।

प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के महामंत्री सुदेश अग्रवाल ने सवाल उठाया कि संबंधित सड़क लोक निर्माण विभाग की है, तो नगर निगम वहां नोटिस कैसे चस्पा कर सकता है। उन्होंने मांग की कि यदि सड़क का हस्तांतरण हुआ है, तो उसके दस्तावेज सार्वजनिक किए जाएं और पीडब्ल्यूडी के पुराने नक्शे के अनुसार ही सड़क की चौड़ाई का सही मापन कराया जाए। अन्य व्यापारियों भी ने एक व्यावहारिक सुझाव दिया कि कोहाड़ापीर से धर्मकांटा तक चल रहे मौजूदा निर्माण को पहले पूर्ण किया जाए, ताकि शहर की यातायात व्यवस्था ध्वस्त न हो और कारोबार प्रभावित होने से बच सके।

वन मंत्री ने एक समाधानकारी रास्ता निकालते हुए कहा कि जल्द नगर निगम के अधिकारियों और व्यापारिक प्रतिनिधियों की एक संयुक्त बड़ी बैठक आयोजित की जाएगी। इसमें सर्वसम्मति से रोडमैप और कार्य योजना तय होगी ताकि विकास भी हो और किसी का नुकसान भी न हो। बैठक में सतीश रोहतगी, सुदेश अग्रवाल, अरविंद अग्रवाल समेत कई प्रमुख व्यापारी मौजूद रहे।



वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार के कार्यालय पर पहुंचे व्यापारी। ● अमृत विचार

### नोटिस से आक्रोश, नगर आयुक्त को ज्ञापन दिया

बरेली, अमृत विचार :गुलाबराय स्कूल के पास 25 प्रतिष्ठानों के स्वामियों ने सोमवार को नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर भवनों पर चस्पा किए गए नोटिस को मनमाना बताया। व्यापारियों ने कहा कि जब उनके भवन संबंधित प्राधिकरणों से स्वीकृत नक्शों के अनुसार बने हैं, तो उन्हें अवैध कैसे घोषित किया जा सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान में सड़क की चौड़ाई पर्याप्त है, ऐसे में सीमित हिस्से में इसे 90 फीट तक चौड़ा करने का प्रस्ताव अव्यावहारिक है। दुकानदारों ने स्पष्ट किया कि वे सौंदर्यीकरण के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन कार्रवाई पारदर्शी और न्यायसंगत होनी चाहिए ताकि उनकी आजीविका पर संकट न आए। इस मामले को लेकर व्यापारियों ने बीडीए वीसी डा. मनिकंडनए .ए से भी उनके कार्यालय जाकर भेंट की। बीडीए वीसी ने नगर आयुक्त से फोन पर वार्ता की। नगर आयुक्त का कहना है कि उन्होंने व्यापारियों के साथ ही बीडीए से नक्शा मांगा है, उसके बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सड़कों पर दौड़ रहीं खटारा बसें, यात्री लगा रहे धक्का

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बरेली रीजन में खटारा बसों को सड़कों पर चलाया जा रहा है। आए दिन रास्ते में बसें खराब होने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। बहेड़ी बस अड्डे पर एक बस खराब हो जाने पर चालक और परिचालक ने यात्रियों से धक्का लगवाया। वीडियो वायरल होने पर एआरएम ने जांच के आदेश दिए हैं।

उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के बरेली रीजन की बस में यात्रियों द्वारा धक्का लगाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जानकारी करने पर पता लगा कि यह वीडियो बहेड़ी बस अड्डे का है। बस में खराबी होने पर यात्रियों से धक्का लगवाकर स्टार्ट करने का प्रयास किया जा रहा है। बरेली डिपो के एआरएम संजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि बस में माइनर फाल्ट हो गया था। बस को किनारे कराया गया। बाद में गाड़ी को मैकेनिक से ठीक कराकर भेजा गया। अब सवाल यह है कि वर्कशाप से बस की जांच करने के बाद ही मार्ग पर भेजा जाता है, लेकिन बस में खराबी होने पर इसका जिम्मेदार कौन होगा। बस में धक्का लगवाने पर अधिकारी जांच कराने की बात कह रहे हैं।



रोडवेज बस में धक्का लगाते यात्री।


- बहेड़ी बस अड्डे पर चालक-परिचालक ने बस में यात्रियों से लगवाया धक्का
- वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल, अधिकारियों ने दिए जांच के आदेश

# कलम दवात शिफ्ट होगी, जीआरएम के गेट के साथ बाउंड्री वॉल भी टूटेगी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** सीएम ग्रिड योजना के अंतर्गत सड़क चौड़ीकरण की राह में जो भी अतिक्रमण आएगा, उसे तोड़ा जाएगा। कोहाड़ापीर चौराहे पर नगर निगम की ओर से बनायी गयी कलम दवात भी शिफ्ट की जाएगी। इसके साथ ही पेट्रोल पंप की भूमि की भी जांच होगी। इन दोनों की वजह से चौराहे पर ट्रैफिक में व्यवधान पड़ रहा है। जीआरएम गेट व उसकी बाउंड्री भी अतिक्रमण की जद में आने के कारण तोड़ी जाएगी।

कमिश्नर भूपेंद्र एस. चौधरी ने सोमवार को नगर आयुक्त को फोन कर सीएम ग्रिड योजना के अंतर्गत सड़क चौड़ीकरण की राह में आने वाले अतिक्रमण को हटाने की प्रगति जानी। कमिश्नर ने नगर आयुक्त से कोहाड़ापीर चौराहे पर स्थित कलम दवात के बारे में पूछा। नगर आयुक्त ने कहा कि इसे शिफ्ट किया जा रहा है। कमिश्नर ने कोहाड़ापीर चौराहे से नैनीताल रोड पर कुदेशिया पुल तक अतिक्रमण की जद में आने वाली दुकानें, प्रतिष्ठान की जानकारी ली। जीआरएम का गेट व बाउंड्री भी तोड़े जाने की बात कही। कमिश्नर को बताया गया कि मार्ग पर 300 से ज्यादा अतिक्रमण हैं चिह्नित हैं। 150 से ज्यादा को नोटिस भेजे गए हैं। कमिश्नर ने नगर आयुक्त को निर्देश दिए कि सड़क चौड़ीकरण की राह में आने वाली किसी भी बाधा को जल्द हटाएं। कोई भेदभाव न हो।



नैनीताल रोड पर चौड़ीकरण की जद में कई और निर्माण आ रहे हैं। ● अमृत विचार

- कलम दवात न हटने का कारण जानने के साथ ही पेट्रोल पंप की पैमाइश के भी दिए निर्देश

# सड़क किनारे खड़े खोखे-ठेले हटाए, कब्जेदारों को खदेड़ा

**बरेली, अमृत विचार :** सोमवार को बरेली कालेज गेट के पास नगर निगम ने विशेष अभियान चलाकर सड़क किनारे खड़े खोखे, ठेले और अन्य अस्थायी कब्जों को हटाया गया।कार्रवाई के दौरान नियमों का उल्लंघन करने पर जुर्माना भी वसूला गया।

नगर निगम के राजस्व निरीक्षक सच्चिदानंद सिंह ने बताया कि शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए अभियान जारी रहेगा। जिन क्षेत्रों में बार-बार अतिक्रमण की शिकायतें मिल रही हैं, वहां विशेष निगरानी रखी जाएगी। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई की जाएगी। उधर, नगर निगम की इस कार्रवाई से अतिक्रमण करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है, वहीं आम लोगों ने सड़कें खाली होने पर राहत महसूस की है

# निगम के पास नाले में गिरी गाय, बचाई गई जान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जेसीबी से स्लैब तोड़े, नगर निगम और फायर ब्रिगेड कर्मियों ने किया रेस्क्यू

**अमृत विचार :** पिछले महीने सेटेलाइट बस अड्डे पर ट्रक चालक तौहीद की नाले में गिरकर मौत के बाद अधिकारियों ने आनन-फानन में लाखों रुपये नालों के किनारे लोहे की रेलिंग लगाने के नाम पर फूंक दिए, मगर हकीकत यह है कि शहर के कई गहरे नाले हादसों को दावत दे रहे हैं।

नगर निगम कार्यालय के पास बरेली कॉलेज तिराहे के सामने गहरा नाला खुला हुआ है। सोमवार को एक गाय नाले में गिर गई। स्थानीय पार्षद जयप्रकाश राजपूत ने वीडियो सोशल मीडिया पर डालकर निगम की पोल खोल दी। नगर आयुक्त को मामले की जानकारी दी गई, इसके बाद मौके पर जेसीबी भेजी, तब तक गाय नाले में आगे निकल चुकी थी। फायर ब्रिगेड को बुलाना पड़ा और जेसीबी से पक्के स्लैब तोड़कर करीब दो घंटे की जद्दोजहद के बाद गाय को बाहर निकाला जा सका।

लोगों का आरोप है कि नाला लगभग चार फीट तक खुला हुआ था और वहां सुरक्षा के लिए रेलिंग का नामोनिशान तक नहीं था। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने बताया कि जानकारी मिलते ही तुरंत टीम मौके पर भेजी गयी। गाय को सुरक्षित निकल लिया गया है।



नाले से गाय को निकालते कर्मचारी।

### अधूरे नाला छोड़ने पर ठेकेदार पर 50 हजार जुर्माना



**बरेली, अमृत विचार :** शहर में विकास कार्यों में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों पर एक्शन जारी है। नगर निगम के अधिशासी अभियंता राजीव कुमार राठी ने मिनी बाईपास क्षेत्र में आरसीसी नाला निर्माण कार्य में भारी शिथिलता पाए जाने पर ठेकेदार दुष्यंत कुमार पर 50 हजार का अर्थदंड लगाया है। अनुबंध के तहत 1625 मीटर लंबे नाले का निर्माण होना था, लेकिन ठेकेदार ने केवल 30 मीटर खुदाई करके काम को बीच में ही छोड़ दिया है। राजीव राठी ने बताया कि ठेकेदार ने नियमों की अनदेखी करते हुए स्कूली बच्चों की सुरक्षा दांव पर लगा दी। जांच में पाया गया कि कार्यस्थल पर सुरक्षा के कोई मानक पूरे नहीं किए गए हैं। नाले के पास रानी लक्ष्मीबाई इंटर कॉलेज और हार्टमैन इंटर कॉलेज जैसे प्रमुख शिक्षण संस्थान हैं, जहां से हजारों छात्र गुजरते हैं। ठेकेदार की ओर से न तो वहां बेरीकेडिंग की गई है न ही कोई सुरक्षा संकेतक लगाए गए हैं। इससे पूर्व 30 मार्च 2026 को भी ठेकेदार को अस्थायी अर्थदंड का नोटिस दिया गया था, लेकिन ठेकेदार ने न तो काम शुरू किया और न ही कोई संतोषजनक जवाब दिया।

## विकास की बयार

### एनएचएआई ने बहेड़ी, नवाबगंज व बीसलपुर तहसील 108 गांव में शुरू की अधिग्रहण प्रक्रिया

# ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे देगा बरेली-पीलीभीत को रफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** गंगा एक्सप्रेस वे के उपहार के बांद अब ग्रीन फील्ड लिंक एक्सप्रेस वे से बरेली मंडल में विकास की नई बयार चलती नजर आएगी। शामली-गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे जहां पश्चिमी और मध्य यूपी से पूर्वांचल दूरियां नजदीकियों में बदल जाएंगी, वहीं बरेली-पीलीभीत के तमाम गांववों की किस्मत भी चमक जाएगी। एनएचएआई ने इस प्रोजेक्ट के लिए बरेली की नवाबगंज व बहेड़ी और पीलीभीत जनपद की बीसलपुर तहसील के 108 गांवों की भूमि अधिग्रहण के लिए 'थ्री-ए' की प्रक्रिया शुरू कर दी है।



- नवाबगंज के 17, बहेड़ी के 51 और बीसलपुर के 40 गांवों की भूमि होगी अधिग्रहित

महापरियोजना का कार्य बरेली और मुरादाबाद की एनएचएआई टीमें अलग-अलग गांवों में निर्माण की कमान संभालेंगी। नवाबगंज के 17 और बीसलपुर के 40 गांवों की जिम्मेदारी एनएचएआई बरेली को और बहेड़ी के 51 गांवों का जिम्मा एनएचएआई मुरादाबाद को सौंपा गया है। करीब सात सौ किलोमीटर लंबे ग्रीन फील्ड लिंक एक्सप्रेस-वे परियोजना का निर्माण आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे, पूर्वांचल एक्सप्रेस और गंगा एक्सप्रेस-वे को आपस में जोड़ने के लिए किया जा रहा है। 6 लेन ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे बरेली सहित यूपी के 22 जिलों से गुजरेगा। गोरखपुर-शामली एक्सप्रेस-वे के बन जाने से बरेली मंडल में भी एक्सप्रेस-वे की कमी दूर हो जाएगी। एनएचएआई ने परियोजना की संवेदनशीलता को देखते हुए राजस्व विभाग को विशेष पत्र लिखा है।

### बरेली, पीलीभीत के इन गांवों का होगा भू-अर्जन

ग्रीन फील्ड लिंक एक्सप्रेस-वे में नवाबगंज तहसील के गजरौला, सतुइया खुर्द, इनायतपुर, धौनेरा, जिगिनया, नवदिया, खाता, खटुआ, बरखन, अभय राजपुर, अधकटा रब्बानी बेगम, नवादा इकरामुल्लाह, हथेली, सिठौरा, ढकिया बरकली, डंडिया सफदरअली, तिगरी, नकटी नारायनपुर, धानौर जागीर, नवदिया मोती राम, नौगवां भगतापुर, जारपा मोहनपुर, मुड़िया मलूकपुर, बहेड़ी तहसील के खमरिया, पंडरी, परेवा, कनकपुरी, मवई काजियान, सिसई, परसरामपुर आदि गांव शामिल हैं। वहीं, बीसलपुर तहसील के कटकवारा, बरखेड़ा यासीन, बिहारीपुर हीरा, अटकोना, बहादिया, विरसिंगपुर, नौगवां संतोष व जोगीठेर होकर बरेली के नवाबगंज के बाद बरेली से जुड़ेगा।

> गोरखपुर-शामली ग्रीन फील्ड लिंक एक्सप्रेस-वे निर्माण के लिए चयनित किसानों का भूमि अधिग्रहण कराने की प्रक्रिया शुरुआती दौर में है। एनएचएआई बरेली को बरेली और पीलीभीत जिले में 57 गांवों की जिम्मेदारी मिली है। अन्य 51 गांवों में निर्माण एनएचएआई, मुरादाबाद कराएगा।
>
> – **नवरत्न**, परियोजना निदेशक, एनएचएआई

# डीएम ने समीक्षा बैठक से गैरहाजिर अफसरों पर कार्रवाई दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को आईजीआरएस पर प्राप्त संदर्भों की प्रगति की समीक्षा की।

डीएम ने उपनिदेशक कृषि के शिकायतकर्ता से संपर्क करने का फीडबैक कम होने पर नाराजगी जताई और सुधार करने के निर्देश दिए। समाज कल्याण विभाग को डिफाल्टर में जाने वाली शिकायतों के शीघ्र सुधार करने के निर्देश दिये। नगर निगम के अधिकारी और समाज कल्याण अधिकारी को अनुपस्थित होने पर दंडात्मक कार्यवाही के निर्देश दिए। कहा कि आईजीआरएस शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। प्रत्येक बुधवार को वीसी में समीक्षा होती है। हर माह जनपदों की रैंकिंग भी जारी की जा रही है, इसलिए इसे गंभीरता से लें और शिकायतकर्ता की समस्या का निस्तारण करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह, उप जिलाधिकारी सदर प्रमोद कुमार, एसडीएम आंवला आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### 10 से 12 बजे तक ऑफिस में बैठें अफसर

बरेली, अमृत विचार : जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने जनता दर्शन में प्राप्त होने वाले प्रार्थना पत्रों की गुणवत्तापूर्वक एवं समयबद्ध निस्तारण के संबंध में समीक्षा बैठक की। डीएम ने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी सुबह 10 से 12 बजे तक अपने कार्यालय में बैठें। जनसुनवाई की लाइव मॉनिटरिंग शासन स्तर से की जा रही है। किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऐसे लोगों को बुलवाकर बात करें जो पहले तो समस्या के निस्तारण से संतुष्ट होते हैं लेकिन कुछ दिन बाद असंतुष्ट फीडबैक दे देते हैं। संतुष्टि का प्रतिशत अधिक से अधिक बढ़ाएं। डीएम ने कहा कि अक्सर यह देखने में आया है कि अधिकतर शिकायतकर्ता मुख्यमंत्री के जनता दरबार में अपनी शिकायत लेकर जा रहे हैं जो अच्छी बात नहीं है। अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक देश दीपक सिंह आदि उपस्थिति रहे।

अम्बा हैल्थ क्लीनिक

डॉ. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic

★पतले-दुबले
★गाल पिचके
★कमजोर स्त्री-पुरुष
★मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए
परामर्श लें।
चिकित्सा जानकारी
भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।
किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छूड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।
स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना
वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें
डॉ. साहब
आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :-
19 अप्रैल 2026, रविवार
3 मई 2026, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

### पूर्व सपा पार्षद अकील गुड्डू, मारे गए माफिया अशरफ के करीबी मो. फरहद व जिला बदर सुमित सक्सेना की भी पुलिस ने खोली हिस्ट्रीशीट

# एक्शनः दहशत फैला रहे 25 अपराधी हिस्ट्रीशीटर घोषित

कार्यालय संवादाता, बरेली



पूर्व पार्षद अकील गुड्डू मोहम्मद फरहद खां सुमित सक्सेना

**बरेली, अमृत विचारः** जमीनों पर अवैध कब्जे, रंगदारी, बलवा, हमला, चोरी-लूट जैसे गुनाह कर समाज में दहशत फैला रहे अपराधियों पर एसएसपी अनुराग आर्या का फिर कानूनी चाबुक चला है। लंबा क्रिमिनल रिकार्ड रखने वाला समाजवादी पार्टी का पूर्व पार्षद अकील गुड्डू, माफिया अतीक-अशरफ की बरेली में जड़ें जमाने वाले मोहम्मद फरहद खां उर्फ गुड्डू और जिला बदर चल रहे सुमित सक्सेना सहित 25 दागियों की हिस्ट्रीशीट खोलकर निगरानी सूची में शामिल कर दिया गया है। एचएस खुलने के बाद ये भी दागी चेहरे न सिर्फ थानों में समय-समय पर परेड करते नजर आएंगे, बल्कि खास कोड से पहचाने जाने के साथ लगातार पुलिस व इंटेलीजेंस की निगाहों में रहेंगे।

लंबी-चौड़ी क्रिमिनल हिस्ट्री को ध्यान में रखकर हिस्ट्रीशीटर घोषित किए गए इन चेहरों को लेकर विभिन्न थानों क्षेत्रों से अप्रिय और अफसरों को असहज करने वाली खबरें सुनाई देती रही हैं। पुलिस के अनुसार, थाना इज्जतनगर क्षेत्र में फरीदापुर चौधरी निवासी पूर्व सपा पार्षद अकीलगुड्डू पेशेवर अपराधी है और उसके खिलाफ 11 आपराधिक मामले दर्ज चल रहे हैं। कई बार उसकी वजह से इलाके में अराजकता के हालात पैदा हो चुके हैं। हमले और रंगदारी वसूलने को लेकर उसकी एचएस खोली गई है।

इसी तरह से परतापुर जीवन सहाय निवासी मोहम्मद फरहद उर्फ गुड्डू का भी समाज में खौफ देखा जाता है। उसके खिलाफ बरेली से गाजियाबाद तक बलवा, हमला, मारपीट, रंगदारी के कई केस दर्ज हैं। इतना ही नहीं, प्रयागराज के माफिया अतीक अहमद का भाई पूर्व विधायक अशरफ जब सेंट्रल जेल बरेली में बंद था, तो फरहद गुड्डू जेल में जाकर उससे मुलाकातें करता था। शहर के खतरनाक अपराधी लल्ला गद्दी के साथ मिलकर माफिया अतीक गिरोह की बरेली में जड़े जमाने का काम भी फरहद ने किया था। हिस्ट्रीशीट खुलने के बाद फरहद पुलिस की कड़ी निगरानी में रहेगा।

ऐसे ही जमीनों की धंधेबाजी लेकर चर्चाओं में रहे वीर सावरकर निवासी सुमित सक्सेना के खिलाफ इज्जतनगर, कोतवाली, बारादरी और प्रेमनगर थानों में हत्या के प्रयास, जालसाजी-धोखाधड़ी, शस्त्र अधिनियम जैसे 11 केस दर्ज हैं। थाना इज्जतनगर पुलिस की रिपोर्ट पर बरेली प्रशासन ने उसके खिलाफ पूर्व जिला बदर की कार्रवाई की थी, इसके बाद भी शहर में सक्रिय बताया जाता था। थाना इज्जतनगर पुलिस की रिपोर्ट पर अब सुमित सक्सेना को भी हिस्ट्रीशीटर घोषित किया गया है। एचएस बने बाकी अपराधियों का इसी तरह से पुलिस रिकॉर्ड में लंबा आपराधिक इतिहास दर्ज है।

## ड्यूटी से गायब चल रहे आठ और सिपाही सस्पेंड, महकमे में हड़कंप

**बरेली, अमृत विचार :** एसएसपी अनुराग आर्या न सिर्फ अपराधियों पर कार्रवाई के लिए पहचाने जाते हैं, बल्कि लापरवाही और अनुशासनहीनता को लेकर पुलिसकर्मियों के खिलाफ कड़क एक्शन में भी देरी नहीं लगाते हैं। कप्तान ने ड्यूटी से गायब चल रहे 8 और सिपाहियों को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। निलंबित किए गए पुलिसकर्मियों में पांच मुख्य आरक्षी विजय कुमार, विनेश कुमार, राजवीर सिंह, सुनील कुमार और अनुज कुमार शामिल हैं। इसके अलावा तीन आरक्षी अनिल चौधरी, राजू सिंह और बोबी कुमार पर भी गाज गिरी है। इन सभी पर बिना सूचना के ड्यूटी से गैरहाजिर रहने और अनुशासनहीनता के आरोप हैं। एसएसपी ने बताया कि बरेली का चार्ज संभालने के बाद से गैरहाजिर रहने वाले करीब 900 पुलिसकर्मियों के खिलाफ निलंबन, लाइन हाजिर की कार्रवाई की जा चुकी है। लापरवाही और अनुशासनहीनता किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने जिले में तैनात 728 दरोगाओं की तैनाती और उपस्थिति की भी जानकारी जुटाई है, ताकि पुलिस व्यवस्था को और मजबूत बनाया जा सके।

## कप्तान कमाल, गुंडा-बदमाशों पर कार्रवाई बेमिसाल



बरेली। तेजतर्रार आईपीएस अनुराग आर्या ने जब से बरेली में पुलिस प्रमुख की कुर्सी संभाली है, अपराधियों पर लगातार कड़क एक्शन होता देखा जा रहा है। कुछ ही महीनों में जिले के अंदर रिकॉर्ड 140 एनकाउंटर हो चुके हैं, जिनमें दो अपराधी जान से गए तो 185 पैरों में गोली खाकर सलाखों के पीछे पहुंच चुके हैं। अपराधी गिरोहों की घेराबंदी एवं मुठभेड़ में 75 पुलिसकर्मी घायल जरूर हुए हैं लेकिन पुलिस कप्तान का अभियान लगातार तेजी से चलता नजर आ रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्या के अपराधियों के खिलाफ आक्रामक तेवर की गवाही अभी तक खोली जा चुकी 350 अपराधियों की हिस्ट्रीशीट ही देखने को काफी हैं। इतना ही नहीं, 110 अपराधियों को जिंदा या मुर्दा पकड़े जाने पर बरेली पुलिस के स्तर से इनाम भी घोषित किया जा चुका है। एसएसपी के निर्देश पर जिले में अपराधियों के 85 गिरोह पंजीकृत किए जा चुके हैं, जिसमें शामिल 450 अपराधियों को बेनकाब करने का काम भी पुलिस किया है।



एसएसपी अनुराग आर्या के समय में अब तक बरेली पुलिस 350 अपराधियों को हिस्ट्रीशीटर घोषित कर चुकी। ● अमृत विचार

## कोड से पहचाने जाएंगे दागी चेहरे, थाने में लगाएंगे हाजिरी, पुलिस लगातार करेगी निगरानी

- कैंट निवासी दानिश उर्फ आफताब पर जिले के अलग अलग थानों में रेप, बलवा गैंगस्टर, शस्त्र अधिनियम आदि धाराओं में 16 मामले रजिस्टर हैं, जिसमें सबसे ज्यादा मामले चोरी के केस हैं।
- कैंट के रहने वाले जावेद पर जिले के अलग अलग थानों में गंभीर धाराओं में छह मुकदमे पंजीकृत हैं। इसमें हत्या का अपराध भी शामिल है।
- सुभाषनगर के रहने वाले रोहित उर्फ कल्लू पर अलग अलग थानों में तीन मामले दर्ज हैं, वह ड्रग्स की तस्करी में भी लिप्त रहा है।
- सुभाषनगर के रहने वाले रवि उर्फ रवि राणा पर जिले के अलग-अलग थानों में सात मामले दर्ज हैं और तरह-तरह से वारदातें कर समाज में भय फैलाता रहा है।
- थाना सुभाषनगर क्षेत्र के गांव रोंधी निवासी पेशेवर अपराधी गुड्डू उर्फ मसरूर के खिलाफ थाना सुभाषनगर और कोतवाली में लूट, बलवा जैसे कई केस दर्ज हैं।
- गणेशनगर निवासी अपराधी गौरव के खिलाफ सुभाषनगर में चार और बारादरी में आपराधिक मामला दर्ज है। चोरी और लूट की वारदातें कर वह पुलिस के लिए चुनौती पेश करता रहा है।
- सुभाषनगर के मूल निवासी और वर्तमान में संजयनगर में रह रहे संगम गुप्ता पर लूट समेत अन्य धाराओं में सात मामले लिखे जा चुके हैं। वह समाज में आतंक फैलाता रहा है।
- तिलक कालोनी निवासी आकाश गूर्जर पर बरेली से बदायूं तक लूट, आपराधिक षडयंत्र, बलवा, बिजली चोरी, आबकारी अधिनियम, मारपीट जैसे आठ मामले लिखे जा चुके हैं।
- नेकपुर के रहने वाले विक्की के खिलाफ थाना सुभाषनगर, सीबीगंज, जीआरपी, कोतवाली में चोरी और लूट जैसे 15 मामले पंजीकृत है, मादक पदार्थ की तस्करी के भी मामले हैं।
- थाना इज्जतनगर क्षेत्र में मठ लक्ष्मीपुर के रहने वाले कुख्यात अपराधी शिवम उर्फ गोलू के खिलाफ लूट, डकैती, चोरी, गैंगस्टर, तोड़फोड़, हमला जैसे 31 संगीन अपराधिक केस दर्ज हो चुके हैं, कई इलाकों में वह दहशत फैलाता रहा है।
- करेली गांव के रहने वाले अपराधी सुभाषनगर के उस्मान उर्फ पाशा पर 9 मामले दर्ज है, लोगों पर हमले और हत्या के प्रयास की घटनाएं कर सह समाज में भय का वातावरण बनता रहा है।
- शांति बिहार कालोनी निवासी अजय उर्फ गुल्ला पर सुभाषनगर थाने में ही 12 मुकदमे दर्ज हैं, वह गैंगस्टर भी रहा है और मारपीट-हत्या कोशिश जैसी कई घटनाओं में शामिल रहा है।
- बड़ी बिहार निवासी सचिन कुमार के खिलाफ भोजीपुरा, इज्जतनगर, प्रेमनगर थाने में नकबजनी और चोरी समेत आबकारी अधिनियम के समेत 22 मामले दर्ज है। उस पर गैंगस्टर एक्ट भी लग चुका है।
- बड़ी बिहार के ही रहने वाले राहुल मौर्य पर बरेली से लेकर आगरा तक 11 गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं और वह लगातार पुलिस के सामने चुनौती पेश करता रहा है।
- मठ लक्ष्मीपुर निवासी विकास कश्यप उर्फ भल्ला हत्या और अपराधिक षडयंत्र के मुकदमे में शामिल रहा है और थाना इज्जतनगर पुलिस पूर्व में उस पर गैंगस्टर लगा चुकी है।
- फरीदापुर चौधरी के रहने वाले सलमान पर अपहरण, बलात्कार, बलवा, आईटी एक्ट जैसे 5 गंभीर अपराधिक मुकदमे दर्ज हैं, कई बार वह पुलिस के सामने टेंशन पैदा कर चुका है।
- आंवला के मोहल्ला नई बस्ती बजरिया का रहने वाला राशिद सैफी उर्फ राजू लोहार जुआ किंग है, वह जुआघर चलवाने के मामले में उसके खिलाफ कई बार कार्रवाई की जा चुकी है।
- आंवला के मोहल्ला कुरैशियान निवासी फारुख कुरैशी कुख्यात पशु तस्कर हैं, उसके खिलाफ पशु क्रूरता जैसे 6 मुकदमे दर्ज हैं।
- थाना आंवला क्षेत्र के गांव मऊ चंद्रपुर निवासी इस्लाम इस्लाम अली पर ड्रग तस्करी में लिप्त रहा है, मादक पदार्थों की तस्कर कर वह समाज की नशों में जहर घोलता है।
- आंवला कस्बे के मोहल्ला निवासी रईस उर्फ सोना क्षेत्र में जुए की गतिविधियों में लिप्त रहा है, उसके खिलाफ अकेलो आंवला थाने में ही 9 मामले दर्ज चल रहे हैं, गुंडा एक्ट भी लग चुकी है।
- आंवला के मोहल्ला सैय्यादान निवासी मुशर्रफ के खिलाफ जुआ अधिनियम जैसे कई केस दर्ज हो चुके हैं, वह गैरकानूनी गतिविधियों में लिप्त रहकर समाज को भयभीत करता है।
- रिछोला किफायतुल्ला निवासी बबलू उर्फ बौरा के खिलाफ नवाबगंज और देवरनियां में रेप, चोरी, मारपीट, शराब तस्करी जैसे 9 मुकदमे पंजीकृत हो चुके हैं और समाज में उसका खौफ देखा जाता है। हिस्ट्रीशीट खोले जाने के बाद पुलिस इन सभी अपराधियों पर पैनी नजर रखेगी, ताकि वे अपराधिक गतिविधियों को अंजाम न दे सकें।

# बरेली पासपोर्ट ऑफिस को फिर मिली बम से उड़ाने की धमकी

### दोपहर में 1:15 पर भेजा गया मेल, चेकिंग के दौरान रोका गया कामकाज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** पासपोर्ट कार्यालय को एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। सोमवार दोपहर मेल भेजकर कार्यालय को 1:15 बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। मेल के जरिए भेजी गई इस धमकी के बाद कार्यालय में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और एहतियातन कामकाज कुछ समय के लिए रोक दिया।

सूचना मिलते ही पुलिस और बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंच गया। टीम ने पूरे परिसर को खाली कराकर गहन तलाशी अभियान चलाया। बम स्क्वॉड ने कार्यालय के अंदर और आसपास के क्षेत्र की बारीकी से जांच की, लेकिन कोई संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई। करीब आधे घंटे तक चली सघन चेकिंग के बाद स्थिति सामान्य होने पर कर्मचारियों ने दोबारा काम शुरू कर दिया। करीब एक माह पहले भी इसी तरह से पासपोर्ट को उड़ाने की धमकी दी गई थी। उस समय भी इसी तरह का धमकी भरा ईमेल भेजा गया था, जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियां पहले से ही सतर्क थीं। इस बार भी मेल की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई की गई और किसी भी संभावित खतरे से निपटने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए गए। पुलिस अब ईमेल भेजने वाले की पहचान करने में जुटी है। साइबर टीम को भी जांच में लगाया गया है। मेल के स्रोत और आईपी एड्रेस का पता लगाया जा रहा है।



पासपोर्ट ऑफिस में चेकिंग करता बम निरोधक दस्ता। ● अमृत विचार

- बम निरोधक दस्ता जुटा, कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला
- पहले भी दी गई थी धमकी, जांच में जुटी रही पुलिस

> सवा बजे ऑफिस में मेल आया था। जिसमें कहां गया था कि ऑफिस को बम से उड़ा दिया जाएगा। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। आधे घंटे तक काम प्रभावित रहा। फिर काम सुचारू रूप से चालू हो गया।
>
> –**शैलेंद्र सिंह**, क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी

> सूचना मिलते ही पुलिस टीमों के साथ बम निरोधी दस्ता मौके पर गया था। जांच में वहां कुछ नहीं मिला। मेल कहां से भेजा गया, इसे लेकर जांच कराई जा रही है
>
> –**मानुष पारीक**, एसपी सिटी

## अतीक-अशरफ गैंग का नाम लेकर मांगी 20 लाख की रंगदारी

**बरेली, अमृत विचार :** दबंगों ने प्लाट पर कब्जा छोड़ने के बदले पीड़ित से 20 लाख रुपयों की रंगदारी मांगी है। उनका कहना है कि वह लोग अतीक-अशरफ गैग से जुड़े हैं। जब चाहे कुछ भी करा सकते है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

बारादरी थाना के बुखारपुरा के रहने वाले बच्चू सिंह ने बताया कि उनके ताऊ नन्हें लाल की बीमारी के चलते 1995 में मृत्यू हो गई थी। उनकी ताऊ की जमीन में हिस्सा था, लेकिन चक महमूद के रहने वाले हनीफ मियां, इस्माइल गद्दी, आसिफ समेत अन्य लोगों ने उस जमीन की फर्जी वसीहत बनवा ली। अब आरोपी उसे उसकी जमीन देने के बदले 20 लाख रुपयों की रंगदारी मांग रहे है। पीड़ित ने जब इसका विरोध किया तो आरोपी उसे अतीक अहमद के रिश्तेदार सद्दाम गद्दी के नाम की धमकी देते हुए रुपये न मिलने पर उसे मारने की धमकी दे रहे है। एसएसपी के आदेश के बाद बारादरी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## आईपीएस बताकर युवती को फंसाया, लाखों ऐंठे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- विवाह का झांसा देकर पीड़िता को बनाया शिकार, दो पर केस दर्ज

**अमृत विचार :** साइबर ठगी का एक ऐसा मामला सामने आया, जिसमें शातिर ने खुद को आईपीएस अधिकारी बताकर युवती को प्रेम और विवाह के जाल में फंसाकर लाखों रुपये ठग लिए। पीड़ित परिवार की शिकायत पर पुलिस ने फर्जी आईपीएस और उसके दोस्त पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बिथरी चैनुपर की रहने वाली पीड़िता की सोशल मीडिया पर लक्ष्य पांडेय नामक युवक से जान-पहचान हुई थी। आरोपी ने खुद को भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) का अधिकारी बताते हुए लंदन में स्पेशल मिशन पर तैनात होने का दावा किया। बातचीत के दौरान उसने युवती को प्रेमजाल में फंसाया और शादी का झांसा देकर विश्वास हासिल कर लिया। आरोपी ने युवती को कीमती हीरे और सोने के आभूषणों का पार्सल भेजने की बात कही। कुछ समय बाद उसके दोस्त रोहित शर्मा ने कस्टम ड्यूटी, क्लियरेंस चार्ज और अन्य औपचारिकताओं के नाम पर अलग-अलग खातों में करीब 1.30 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए। न तो कोई पार्सल पहुंचा और न ही पैसे लौटाए गए, तब युवती को ठगी का एहसास हुआ। पीड़ित परिवार की शिकायत पर बिथरी चैनपुर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। एसपी सिटी मानुष पारीक ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कराई जा रही है। ठगों ने कई एकाउंट में रुपये लिए हैं। पुलिस अपराधियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

### रिश्तेदारों से भी लेकर ठगों को दिए

साइबर ठगों ने युवती बुरी तरह से डरा दिया था। उसे बताया गया कि हीरे की अंगूठी और जेवर की जांच सीबीआई करेगी तो बहुत लोग जेल जाएंगे। किसी तरह सेटिंग करके उसे निकालना होगा। इसी डर में युवती ने अपने पास से रुपये देने के बाद रिश्तेदारों से रुपये लेकर ठगों को देती रही।

## खोखे में मिला महिला का शव, पहचान नहीं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पोस्टमार्टम रिपोर्ट में नहीं पता चला मौत का कारण
- स्लाइड भी बनाई गई, शरीर पर नहीं थे चोट के निशान
- महिला के हाथ पर कई नाम लिखे मिले

**अमृत विचार :** नैनीताल हाईवे पर रोड नंबर 8 के पास सोमवार को एक चाय खोखे में करीब 40 वर्षीय महिला का शव मिला। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की।

एसपी सिटी ने बताया कि महिला ने नीले-काले रंग की फूलदार कुर्ती और पीले रंग की सलवार पहन रखी थी। शरीर पर किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं पाए गए हैं। मृतका की पहचान के लिए उसके शरीर पर बने चिन्हों को आधार बनाया जा रहा है। दाहिने हाथ पर ओम, रामधनी, दिल का निशान तथा अंग्रेजी में पूनम अंकित है। वहीं बाएं हाथ पर पी टैटू प्रकार का चिन्ह, रोहित, अंग्रेजी में सुनील, हिंदी में पूनम और राजेंद्र लिखा हुआ है। गले में मिले लॉकेट पर उर्दू में अल्लाह अंकित है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में महिला की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। इसके बाद स्लाइड भी तैयार की गई है। अब बिसरा रिपोर्ट आने पर ही मौत के कारण का पता चला सकेगा।

## एचपीसीएल प्लांट के दोहरे हत्याकांड में एसआईटी की जांच पूरी

**बरेली, अमृत विचार :** बदायूं के मूसाझाग थाना क्षेत्र स्थित एचपीसीएल के सीबीजी प्लांट में 12 मार्च को डिप्टी जनरल मैनेजर और असिस्टेंट मैनेजर की गोली मारकर हत्या करने के प्रकरण की चल रही एसआईटी (विशेष जांच टीम) जांच लगभग पूरी हो चुकी है। कमिश्नर के नेतृत्व में एसआईटी जांच तत्कालीन व वर्तमान परिस्थिति के साथ साजिश सहित कई बिंदुओं पर की गई है। कमिश्नर भूपेंद्र एस चौधरी ने बताया कि बदायूं कांड की एसआईटी जांच लगभग पूरी कर ली गयी है। कुछ और बिंदुओं को शामिल कर अगले सप्ताह तक एसआईटी की जांच रिपोर्ट शासन को भेज दी जाएगी।

12 मार्च को सीबीजी प्लांट में जनरल मैनेजर सुधीर कुमार गुप्ता (58) और असिस्टेंट जनरल मैनेजर हर्षित मिश्रा (34) की गोलियां मारकर हत्या कर दी गई थी। सनसनीखेज दोहरे हत्याकांड की गूंज लखनऊ से लेकर दिल्ली तक गई थी। जांच को एसआईटी गठित की गई थी।

हादसों का मौसम | जिले में पिछले 15 महीनों में 369 जगहों पर लगी आग, जान माल की बड़ी क्षति

## गर्मी में आग के खतरे हजार, अग्निशमन दस्ते तैयार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- दमकल के पास पूरे इंतजाम, शहर में पांच हर तहसील में एक यूनिट
- फायर सीजन में हादसे रोकने को विभाग ने तैयारियां कीं

**अमृत विचारः** बढ़ती आग की घटनाओं के बीच दमकल विभाग ने बीते 15 महीनों में बड़ी सफलता हासिल की है। दमकल टीम ने 369 स्थानों पर लगी आग पर काबू पाते हुए करीब 110 करोड़ के नुकसान को बचाया। इन घटनाओं में तीन लोगों की जान चली गई।

एफएसओ संजीव कुमार यादव ने बताया कि शहर से लेकर गांव देहात तक आग की घटनाएं सामने आई, जिनमें त्वरित कार्रवाई करते हुए टीम ने एक युवक समेत 24 पशुओं की जान भी बचाई। विभाग की मुस्तैदी के चलते कई बड़े हादसे टल गए। उन्होंने बताया कि गर्मी के मौसम में आग लगने की घटनाएं तेजी से बढ़ जाती हैं। गांव देहात में मामूली लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। उन्होंने लोगों से सतर्क रहने और बिजली, गैस व ज्वलनशील पदार्थों के प्रयोग में सावधानी बरतने की बात कहीं है। उन्होंने बताया कि विभाग के पास पर्याप्त संसाधन मौजूद हैं। शहर में पांच दमकल यूनिट तैनात हैं, जबकि हर तहसील स्तर पर भी एक-एक यूनिट सक्रिय है, एक युनिट में पांच लोगों की टीम होती है। सूचना मिलते ही टीम घटना स्थल पर पहुंच जाती है। बड़ी आग के लिए गाडियों का बैकअप होता है। पास की युनिट से दूसरी गाड़ियों को मंगा लिया जाता है।

बढ़ती गर्मी को देखते हुए दमकल विभाग ने अपनी तैयारियां और तेज कर दी हैं। अधिकारियों का कहना है कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए टीम पूरी तरह तैयार है और लोगों को भी जागरूक रहने की जरूरत है।




गर्मी में आग की घटनाएं रोकने को अग्निशमन विभाग हुए अलर्ट। ● अमृत विचार

### अग्निशमन सेवा सप्ताह आज से

अग्निशमन सेवा सप्ताह हर साल 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक मनाया जाता है। शुरुआत 14 अप्रैल 1944 को बॉम्बे डॉक विस्फोट में शहीद हुए दमकलकर्मियों को श्रद्धांजलि देने के साथ होती है। मुख्य उद्देश्य अग्नि सुरक्षा के बारे में जागरूकता फैलाना है। आज शहीदों की याद में मौन रखकर सप्ताह की शुरूआत होगी।

## सिटी ब्रीफ

### पार्क में नमाज की रील बनाई, शांति भंग में की गई कार्रवाई

बरेली, अमृत विचार : पार्क में नमाज की रील रविवार को इंस्टाग्राम पर वायरल हुई तो हिन्दू संगठनों ने कार्रवाई की मांग उठाई थी। पुलिस जांच में पता चला की एक आरोपी का नाम प्रियांग शर्मा और दूसरे का नाम शरीफ शाह है। दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। युवकों ने कहा कि रील उनके किसी दोस्त ने वायरल कर दी थी। इंस्पेक्टर कोतवाली धनंजय पांडेय ने बताया कि दोनों पर शांति भंग की आशंका के तहत कार्रवाई की गई है।

### कार के साथ पिस्टल निकाल दिखाई 'टशन'

बरेली, अमृत विचार : सोशल मीडिया पर एक युवक द्वारा कार के साथ पिस्टल लहराते हुए 'टशन' दिखाने की तस्वीर वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आ गई है। मामला भोजीपुरा क्षेत्र का बताया जा रहा है। वायरल तस्वीर में युवक कार के पास खड़ा होकर पिस्टल निकालकर प्रदर्शन कर रहा है। फोटो को लेकर एक्स पर शिकायत का पुलिस ने संज्ञान लिया है। युवक की पहचान कर ली गई। यह भी जांच की जा रही है कि पिस्टल लाइसेंसी है या अवैध।

# इंटरसिटी एक्सप्रेस का औपचारिक विस्तार

## केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा ने बदायूं रेलवे स्टेशन पर हरी झंडी दिखा कर स्पेशल ट्रेन को किया रवाना

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बरेली-नई दिल्ली इंटर सिटी एक्सप्रेस का बदायूं और कासगंज तक विस्तार किया गया है। सोमवार को केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा ने बदायूं से ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। हालांकि सोमवार को महज औपचारिक तौर पर स्पेशल ट्रेन चलाई गई। 16 अप्रैल से विधिवत इंटरसिटी एक्सप्रेस कासगंज तक चलाई जाएगी। खास बात ये रही कि औपचारिक आगाज के पहले दिन ही ट्रेन करीब दो घंटा लेट हो गई।

दरअसल, बरेली जंक्शन से नई दिल्ली के बीच प्रतिदिन 14315/14316 इंटरसिटी एक्सप्रेस का संचालन किया जाता है। यात्रियों की मांग को देखते हुए इसका विस्तार अब बदायूं व कासगंज तक किया गया है। सोमवार को स्पेशल ट्रेन संख्या 05303 बदायूं व नई दिल्ली के बीच चलाई गई। बदायूं में राज्यसभा सांसद व केन्द्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर दोपहर 12 बजे रवाना किया। मगर अपने उद्घाटन फेरे में ही ट्रेन लेट हो गई। बरेली जंक्शन यह ट्रेन 13:17 बजे 12 मिनट की देरी से पहुंची मगर नगरिया सादात पहुंचते-पहुंचते 1 घंटा से ज्यादा और अमरोहा-गजरौला पहुंचते-पहुंचते करीब दो घंटा लेट हो गई।



इंटरसिटी को रवाना करते केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा व अन्य जनप्रतिनिधि। ● अमृत विचार

- शेड्यूल जारी, 16 से विधिवत किया जाएगा संचालन
- बदायूं होते हुए कासगंज तक किया गया है विस्तार

### 20 मई से बदलेगा इंटरसिटी का नंबर

रेल अधिकारियों का कहना है कि 20 मई से 14315 कासगंज नई दिल्ली बदले नंबर 15303 व 14316 नई दिल्ली-कासगंज बदले नंबर 15304 के साथ चलाई जाएगी। सोमवार को जिस नंबर से ट्रेन चलाई गई वो केवल उद्घाटन स्पेशल ट्रेन के लिए जारी किया गया था। ट्रेन के संचालन के लिए तीन रेक की आवश्यकता होगी। फिलहाल बरेली जंक्शन से दो रेक के जरिए ट्रेन का संचालन किया जाता है।

### बरेली-नई दिल्ली के बीच नहीं बदला समय

फिलहाल बरेली वालों के लिए राहत ये है कि ट्रेन का विस्तार कासगंज तक भले कर दिया गया हो मगर बरेली जंक्शन से ट्रेन अपने पूर्व के समय सुबह 04 :55 बजे से ही चलेगी। बरेली से नई दिल्ली के बीच समय में बदलाव नहीं किया गया है। 17 अप्रैल से ट्रेन संख्या 14315 कासगंज से आधी रात को 02 :50 बजे चलकर, 03 : 06 सोरों शूकर क्षेत्र, 03 :35 बजे उझानी, 03 :50 बजे बदायूं और फिर 04 :55 बजे बरेली जंक्शन पहुंचेगी। 16 अप्रैल से ट्रेन संख्या नई दिल्ली से 16 :35 बजे चलकर बदायूं 22 :40 बजे, उझानी 22 :58 बजे, सोरों शूकर क्षेत्र 23 :30 बजे और कासगंज देर रात 12 :10 बजे पहुंचेगी।

### शिक्षा और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे

बदायूं रेलवे स्टेशन पर केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा ने कहा कि यह ट्रेन सेवा कासगंज, उझानी और बदायूं के लोगों की मांग पूरी कर रही है। अब स्थानीय जनता, स्कूली बच्चों और व्यापारियों को बरेली, मुरादाबाद, गाजियाबाद और नई दिल्ली तक आवागमन के लिए सुरक्षित, सुगम और किफायती विकल्प मिलेगा। इससे न केवल शिक्षा और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, बल्कि लोगों का समय और खर्च दोनों बचेंगे।

**यात्रियों का सफर होगा आसान :** अपर मंडल रेल प्रबंधक मनोज कुमार ने कहा कि इंटर सिटी एक्सप्रेस के विस्तार से कासगंज, बदायूं व उझानी के यात्रियों को लंबी दूरी की महत्वपूर्ण शहरों तक सीधे रेल की सुविधा मिल सकेगी। कासगंज और बदायूं अब बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, गाजियाबाद होते हुए सीधे देश की राजधानी से कनेक्ट होंगे। वहीं सीनियर डीसीएम संजीव शर्मा ने कहा कि क्षेत्रीय यात्रियों, व्यापारियों व नौकरी पेशा लोगों को फायदा होगा।

# समस्याओं का समाधान न होने पर करेंगे आंदोलन



बैठक करते रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के सदस्य। ● अमृत विचार

- रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद की बैठक में समस्याओं पर चर्चा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद ने सोमवार को पुराने बस अड्डे पर क्षेत्रीय अध्यक्ष जीवन सिंह की अध्यक्षता में बैठक की।

महामंत्री गिरीश चन्द्र ने कहा कि परिवहन निगम के सम्मुख उत्पन्न संकट एवं कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान कराए जाने के लिए 15 मार्च को दिए गए नोटिस के प्रथम चरण के कार्यक्रम के तहत 16 से 18 तक जन जागरण एवं 28 अप्रैल को रोडवेज परिषद की लगभग 200 से अधिक शाखाओं में एक दिवसीय धरना दिया जाएगा। उसके बाद भी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो 20 मई को सभी क्षेत्रों में विशाल धरना होगा। प्रांतीय अध्यक्ष गिरजा शंकर तिवारी, महामंत्री गिरीश चन्द्र, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रविन्द्र कुमार, शाखा अध्यक्ष प्रमोद कुमार, नवाब हुसैन, विजय पाल, मिश्री लाल, सैफ अली खां, रुहेलखंड शाखा अध्यक्ष नरेश शर्मा, शाखा मंत्री मुस्तुजाब वजी, प्रांतीय प्रतिनिधि फारुख, शमशाद अली, अभिषेक पटेल, समेत अन्य पदाधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# शिक्षक महासंघ ने निकाला मशाल जुलूस

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के बैनर तले जिले के सभी शिक्षक संगठनों ने सोमवार शाम मशाल जुलूस विशप मंडल इंटर कॉलेज से जिलाधिकारी कार्यालय तक निकाला।

अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक संघ के जिला संयोजक डॉ मुनीष कुमार गंगवार ने कहा कि यह लड़ाई टीईटी के विरोध के साथ-साथ बेसिक शिक्षा को निजीकरण से बचाने के लिए है। शिक्षक-शिक्षिकाओं के मान, सम्मान, सेवा को बचाने व सुरक्षित रखने के लिए मशाल जुलूस निकाला गया है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला कोषाध्यक्ष अनिल त्रिपाठी ने कहा कि मशाल जुलूस के माध्यम से विरोध प्रदर्शन करके टीईटी संबंधी आदेश वापस लेने की मांग की गई। सत्येन्द्र जैन ने कहा कि मशाल जुलूस के माध्यम से शिक्षक-शिक्षिकायें एकता का प्रदर्शन करके टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ आन्दोलन में सहयोगी बनकर अपनी मांग सरकार तक पहुंचा रहे हैं। प्राथमिक शिक्षक संघ, जूनियर शिक्षक संघ, यूटा, महिला शिक्षक संघ, टीएससीटी, अटेवा पेंशन बचाओ मंच, सोम शिक्षक महासभा आदि संगठन शामिल हुए। मानवेंद्र यादव, डॉक्टर योगेश शर्मा, डॉ. मुनीष कुमार गंगवार, संजीव मल्होत्रा, रूप किशोर, गजेंद्र राठौर, भारतवीर गंगवार, पुष्पा गंगवार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



मशाल जुलूस निकालते शिक्षक संगठनों के सदस्य। ● अमृत विचार

- टीईटी का विरोध और बेसिक शिक्षा को निजीकरण से बचाने के लिए भरी हुंकार

## बवाल के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

**विधि संवाददाता, बरेली, अमृत विचार:** 26 सितंबर को शहर में बवाल के मामले में चक महमूद निवासी वलीउद्दीन की जमानत अर्जी अपर सत्र न्यायाधीश अमृता शुक्ला ने खारिज कर दी।

सरकारी वकील महेश यादव ने बताया कि तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक बारादरी धनंजय पाण्डेय ने मुकदमा दर्ज कराया था कि 26 सितंबर 2025 को सूचना मिली कि सैलानी रोड पर कुछ अराजक तत्वों द्वारा चौकी प्रभारी व टीम पर हमला कर माहौल खराब करने का प्रयास किया गया। मय पुलिस बल श्यामगंज पुल के नीचे पहुंचे। 200-250 लोग आजाद सर तन से जुदा का नारा लगाते हुए आ रहे थे। भीड़ ने अचानक ईंट पत्थर व एसिड से भरी कांच की बोतलें फेंकना शुरू कर दीं।

# जिला अस्पताल पहुंचे दो हजार से अधिक मरीज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बदलते मौसम में बुखार के साथ खांसी, दर्द के मरीज बढ़े
- पर्चा बनवाने और डाक्टर को दिखाने को लेकर हुई जद्दोजहद

**अमृत विचार:** दो दिन के अवकाश के बाद सोमवार को जिला अस्पताल में सुबह से ओपीडी शुरू हुई तो पर्चा काउंटर से लेकर डॉक्टरों को दिखाने और दवा लेने के लिए मरीजों की लंबी लाइन लग गई। दो हजार से अधिक मरीज दवा लेने के लिए पहुंचे।

जिला अस्पताल की ओपीडी में बुखार के साथ ही सीने में दर्द, सांस लेने में तकलीफ वाले मरीजों की संख्या अधिक रही। डॉ. राहुल वाजपेयी ने बताया कि बदलते मौसम में सांस से जुड़ी बीमारियों के मरीजों की संख्या बढ़ी है। उन्होंने बदलते मौसम में लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है।



काउंटर पर पर्चा बनवाने के लिए बड़ी संख्या में जुटे मरीज। ● अमृत विचार

सोमवार को ओपीडी में मरीजों की भीड़ अधिक होने से नंबर लगाने को लेकर मरीजों में कहासुनी होती रही। अस्पताल के सुरक्षाकर्मियों ने किसी तरह से मरीजों को शांत कराया।

### दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने के लिए लगा शिविर

सोमवार को सीएमओ कार्यालय में दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने के लिए शिविर लगाया गया। परीक्षण के बाद 63 दिव्यांगों को प्रमाण पत्र दिया। दोपहर 12 बजे तक आवेदन पत्रों की जांच की गई। नेत्र दिव्यांगता से पीड़ित लोगों को जांच के लिए 300 बेड अस्पताल भेजा गया। जिला अस्पताल में जांच कराने के लिए पहुंचे मरीज को व्हीलचेयर नहीं दी। परिजन मरीजों को कंधे पर लेकर जांच कराने पहुंचे। दिव्यांग अंकुल ने बताया कि आधार कार्ड की छायाप्रति जमा करने के लिए तैयार थे, लेकिन स्वास्थ्य कर्मचारी ने मोबाइल जमा करने की बात कही और व्हीलचेयर देने से इंकार कर दिया। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन से इसकी शिकायत की है।

## सिटी डायरी

### नीमा का स्थापना दिवस धूम-धाम से मनाया



बरेली, अमृत विचार : नीमा का स्थापना दिवस सोमवार को धूम-धाम से मनाया गया। इस अवसर पर नीमा बरेली द्वारा टीबी के रोगियों को पुष्टाहार पोटली का वितरण किया गया। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. अजय पाल सिंह, नीमा अध्यक्ष डा. राजीव सक्सेना, सचिव डॉ. रजनीश गंगवार, कोषाध्यक्ष डॉ. विशाल अग्रवाल, डॉ. वीरेंद्र जैसवार, डॉ. पीएस दीक्षित, डॉ. देवेंद्र मिश्रा, डॉ. अजय गंगवार, डॉ. विनय सिंह, डॉ. दीपाली शर्मा, डॉ. आरएस लोधियाल, डॉ. अरुणेश अग्रवाल एवं अन्य नीमा सदस्य उपस्थित रहे।

### एडवोकेट बार एसोसिएशन बार काउंसिल से सम्बद्ध



बरेली, अमृत विचार : एडवोकेट बार एसोसिएशन को बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश से सम्बद्धता मिलने पर सोमवार को कचहरी पर अधिवक्ताओं ने एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल द्विवेदी व सचिव गौरव सिंह राठौर के नेतृत्व में ढोल नगाड़ों के साथ जुलूस निकाला। संस्थापक सदस्य संजय कुमार वर्मा ने बताया कि एसोसिएशन अब पारदर्शी तरीके से अधिवक्ता हित के कार्य कर सकेगी। वरिष्ठ अधिवक्ता अंतरिक्ष सक्सेना ने बरेली बार एसोसिएशन के शीर्ष पदाधिकारियों से सवाल किया है कि 100 वर्षों से भी अधिक पुरानी बरेली बार एसोसिएशन को बार काउंसिल से सम्बद्ध क्यों नहीं कराया जा सका है।

### महामाया स्कूल में दंत चिकित्सा शिविर आयोजित




बरेली, अमृत विचार : इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज की ओर से डोहरा रोड स्थित महामाया स्कूल में दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बच्चों का दंत परीक्षण किया गया, जिसमें दांतों की सफाई, कैविटी (कीड़े) और मसूड़ों की स्थिति का मूल्यांकन किया गया। साथ ही सही तरीके से ब्रश करने की तकनीक भी सिखाई गई। इस अवसर पर विभिन्न रोचक और शिक्षाप्रद गतिविधियां भी आयोजित की गईं जिससे बच्चों ने खेल-खेल में दांतों की सफाई और स्वास्थ्य के महत्व को समझा। बच्चों को मीठे पदार्थों के अधिक सेवन से होने वाले नुकसान के बारे में भी जागरूक किया गया। स्कूल प्रशासन और शिक्षकों ने इस पहल की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की इच्छा व्यक्त की।

### बाल रामायण मानव जीवन के लिए शाश्वत संजीवनी



बरेली, अमृत विचार : आनंद निकेतन विद्या मंदिर आदर्श नगर में आयोजित बालसभा में बाल रामायण के रचयिता डॉ. दीपंकर गुप्त ने कहा कि बाल रामायण मानव जीवन के लिए शाश्वत संजीवनी है। उन्होंने बताया कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम का समग्र व्यक्तित्व विश्व बंधुत्व, सर्वधर्म समभाव, प्रेम और सौहार्द का प्रतीक है, जो संपूर्ण मानवता के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि श्री राम का अवतार सनातन संस्कृति की स्थापना और अधर्म के अंत के लिए हुआ। उनके तप, त्याग, आदर्श और राष्ट्रधर्म के प्रति समर्पण से समाज के सभी वर्ग बालक, युवा, वृद्ध और महिलाएं प्रेरित होते हैं। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रामदास प्रजापति ने कार्यक्रम की सराहना की। बालसभा में सुशील कुमार मिश्रा, कृष्ण बिहारी, अविनाश बाजपेयी, सौरभ दीक्षित, निकलेस और निमिषा वर्मा सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

# गेहूं खरीद में अव्यवस्था का मुद्दा उठाया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के पदाधिकारियों ने की बैठक

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के पदाधिकारियों ने सोमवार को कलेक्ट्रेट के पास कार्यालय पर पंचायत में गेहूं खरीद और ओलावृष्टि से नुकसान का मुद्दा उठाया।

जिला अध्यक्ष चौ. सोमवीर सिंह ने कहा कि जिले के 120 केंद्रों में से आधे पर ही खरीद शुरू हो पाई है। केंद्रों पर बारदाने और लेबर की भारी किल्लत है, जिससे किसान परेशान हैं। जिला प्रवक्ता हाजी एम. इकबाल ने बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से गेहूं, सब्जी और आम की फसलों को हुए भारी नुकसान का मुद्दा उठाया। उन्होंने तहसील बरेली के ग्राम सिमरा अजूबा बेगम में आम की फसल बर्बाद होने पर मुआवजे की मांग की। जिला महासचिव चौ. सत्येन्द्र सिंह ने पशुओं से फसलों की सुरक्षा के लिए उन्हें गौशाला भेजने की मांग की। अंत में किसानों ने जिलाधिकारी को संबोधित सात सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के त्वरित समाधान की अपील की। अध्यक्षता पप्पू गंगवार ने की।

# छात्रों को बड़ी राहत, फिर मिलेगा छात्रवृत्ति का मौका

**बरेली, अमृत विचार:** शैक्षिक सत्र 2025-26 में छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना से वंचित रह गए छात्र-छात्राओं के लिए समाज कल्याण विभाग राहत भरी खबर लेकर आया है। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण के निर्देशानुसार तकनीकी कारणों से आवेदन या प्रक्रिया पूरी न कर पाने वाले पात्र छात्रों को एक और मौका देने के लिए पोर्टल दोबारा खोला जाएगा।

विभाग ने स्पष्ट किया है कि नेशनल इन्फॉर्मेटिक सेंटर (एनआईसी) की ओर से मास्टर फीस प्रोसेस में आई बाधा के कारण कई विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति प्रक्रिया अटक गई थी।

इस समस्या का समाधान करते हुए पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से धनराशि सीधे पात्र छात्रों के बैंक खातों में भेजी जाएगी। जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर ने सभी पात्र विद्यार्थियों को आश्वस्त किया है कि पोर्टल खुलते ही वे अपनी प्रक्रिया पूर्ण कर सकेंगे, जिसके लिए राजस्व और शिक्षा विभाग के समन्वय से डेटा शुद्धिकरण का कार्य भी तेज कर दिया गया है।

## कर्जदारों से बचने को रखता था तमंचा

**बरेली, अमृत विचार :** इंस्पेक्टर कोतवाली धनंजय पांडेय ने बताया कि पुलिस ने युवक को अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार किया है। अभियुक्त शिवम वार्ष्णेय मूल रूप से वजीरगंज का निवासी है और प्रेमनगर क्षेत्र में किराये पर रह रहा था। वह बीकॉम तक शिक्षित है और ऑनलाइन जुआ खेलने का आदी है। जुए की लत के चलते वह अपनी पुश्तैनी संपत्ति गंवा चुका है। इतना ही नहीं, उसने लोगों से रुपये उधार लिए और उनके वाहन व मोबाइल फोन धोखाधड़ी कर गिरवी रख दिए। कर्जदारों से अपनी सुरक्षा के लिए अवैध तमंचा रख लिया था।

# लक्ष्मीनगर में शराब की दुकान का विरोध

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** एक साल पहले संजय नगर से हटाकर लक्ष्मीनगर मोहल्ले में खोली गई शराब की कंपोजिट शॉप का विरोध शुरू हो गया है। सोमवार को पार्षद बबली पटेल के नेतृत्व में लोग कलेक्ट्रेट पहुंचे और शराब दुकान हटाने को प्रदर्शन किया। लोगों ने नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। इसके बाद पार्षद संग महिलाओं ने डीएम से मिलकर शराब की दुकान दूसरी जगह शिफ्ट कराने की मांग उठायी।

लोगों ने कहा कि पिछले साल जिला आबकारी अधिकारी ने संजय नगर से दुकान हटाकर लक्ष्मीनगर में स्थानांतरित कर दी थी। विरोध होने पर यहो से दुकान हटाने के लिए आबकारी अधिकारी ने आश्वासन दिया था। लोगों ने ज्ञापन संग समझौता नामा की कॉपी भी लगाई जिसमें लिखा था कि 1 अप्रैल 2026 को लक्ष्मीनगर से शराब की दुकान अन्य जगह स्थानांतरित कर दी जाएगी लेकिन ऐसा नहीं किया गया। द्वितीय पक्ष समझौता नहीं मान रहा। मोहल्ले वासियों ने चेतावनी दी है कि यदि तीन दिन में दुकान स्थानांतरित नहीं की गयी तो आंदोलन करेंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में सीता पटेल, बबली पटेल, रंजना सिंह, रश्मि सिंह, विमला देवी, वीरेंद्र पटेल, संतोष, मुन्नी, भागवती, नीलम, वीरेंद्र पटेल, सुनील गुप्ता, देवेंद्र सिंह, संजीव, गुलाब सिंह आदि शामिल थे।



नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते लक्ष्मीनगर मोहल्ले के लोग। ● अमृत विचार

- महिला पार्षद के नेतृत्व में मोहल्ले के लोग कलेक्ट्रेट पहुंचे

सबसे पुराना स्थापित 1960
गुप्त रोगी रोजाना मिलें
हर जगह से परेशान रोगी मिले
नामर्दी, शीघ्रपतन, इच्छा की कमी
बिना ऑपरेशन दर्द रहित उपचार
बबासीर
खूनी, वादी, बवासीर, भगन्दर
कांच का बिना ऑपरेशन इलाज दर्द रहित
उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध टॉप नं. 1
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
निकट जिला पंचायत चौपुला कुतुबखाना रोड, बरेली
मो. 9259082174

## न्यूज ब्रीफ

### सरस्वती शिशु मंदिर में मनाई आंबेडकर जयंती

**बरेली, अमृत विचार :** सरस्वती शिशु मंदिर नैनीताल मार्ग पर डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती मनाई गई। बाबा साहब के चित्र पर प्रधानाचार्य सुनील कुमार सिंह ने पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम आरंभ किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता रामकुमार ने कहा कि बाबा साहब ने समाज में समानता, न्याय और अधिकारों के लिए संघर्ष किया और भारतीय संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जानकारी शिशु शिक्षा समिति ब्रज प्रदेश के जिला मीडिया प्रभारी राजेश कुमार शर्मा ने दी।

### सांड़ के हमले में वृद्धा गंभीर घायल

**भमोरा, अमृत विचार :** ग्राम हर्रामपुर निवासी सूरजा देवी गांव किनारे बनी झोपड़ी में अकेली रहती है उनके पति रामनाथ की पांच माह पूर्व बीमारी के चलते मृत्यु हो चुकी है। सोमवार की दोपहर वह गांव में ही अपने परिवार के शादी समारोह में शामिल होने जा रही थी। सांड ने हमला कर दिया जिससे सूरज देवी गंभीर घायल हो गईं। परिजन ने उन्हें सीएचसी भमोरा लाए। यहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# एके राइजर्स व फॉर्मेसी की टीम ने जीते मैच

## रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के झंडा ग्राउंड में श्री के कुमार मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता आरंभ

कार्यालय संवाददाता, बरेली



श्री के कुमार एडवोकेट मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में ट्रॉफी लांच करते डा. लता अग्रवाल डा. किरण अग्रवाल, डा. केशव अग्रवाल व डा. अशोक अग्रवाल। ● अमृत विचार


श्री के कुमार एडवोकेट मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में मैच खेलते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के झंडा ग्राउंड में आयोजित श्री के कुमार एडवोकेट मेमोरियल सीजन 3 क्रिकेट प्रतियोगिता का सोमवार की देर शाम आरंभ हुआ। सात दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में 8 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। प्रतियोगिता में सभी मुकाबले 10-10 ओवरों के खेले जाएंगे।

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव अग्रवाल, प्रति कुलाधिपति डॉ. अशोक अग्रवाल, कुलपति डॉ. लता अग्रवाल, प्रति कुलपति डॉ. किरन अग्रवाल, डॉ. अर्जुन अग्रवाल, डॉ. वरुण अग्रवाल, डॉ. प्रज्ञा ने ट्रॉफियों का अनावरण कर क्रिकेट प्रतियोगिता आरंभ की। प्रतियोगिता का पहला मैच एके राइजर्स और नर्सिंग निजास

- सात दिनों तक चलेगी प्रतियोगिता
- डे- नाइट मैचों का होगा आयोजन

के बीच और दूसरा मैच केशलता लांयस तथा बीआईयू कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी के बीच हुआ। पहले मुकाबले में टॉस जीत कर नर्सिंग निजास ने क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया। एके राइजर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए डॉ. चंद्ररेश की आतिशी बल्लेबाजी के दम पर निर्धारित 10 ओवरों में 107 रन बनाए। डॉ. सरफारज ने 22 रनों और डॉ. रिषी सैनी ने 16 रनों का योगदान दिया। नर्सिंग निजास की ओर से डॉ. मोहिद रजा ने 2 ओवरों मे 31 रन देकर 3 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी नर्सिंग निजास की ओर से सोमपाल पटेल ने ताबडतोड़ बल्लेबाजी करते हुए 11 गेंदों में 38 रन बनाए। डॉ. नितिन ने 16 रन का योगदान दिया लेकिन टीम जीत से 9 रन दूर रह गई। राइजर्स के लिए डॉ. तनीम ने 2 ओवर में 8 रन देकर 2 विकेट अपने नाम किए।

दूसरे मुकाबले में केशलता लांयस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवरों में 6 विकेट खोकर 76 रन बनाए। सागर ने 13 रन, डॉ. अभिनव ने 12 रनों का योगदान दिया। फॉर्मेसी के लिए वैभव सिंह और अरुण ने 2-2 विकेट लिए। फॉर्मेसी की टीम ने 5 ओवर और 2 गेंद में लक्ष्य का हासिल कर लिया। वैभव सिंह ने 12 गेंद पर 37 रन और जैद ने 16 गेंदों पर 22 रनों का योगदान दिया।

कुलाधिपति डॉ. केशव अग्रवाल ने कहा कि यह प्रतियोगिता मेरे पिता की याद में पिछले तीन वर्षों से आयोजित की जा रही हैं। वह इस यूनिवर्सिटी के पहले कुलाधिपति थे। खेल को हम सभी के जीवन का हिस्सा होना चाहिए। इस ग्राउंड पर अगले साल तक एलईडी स्कीन भी लग जाएंगी। डॉ. फैज, मो. तस्लीम खान आदि का सहयोग रहा।

# मोहसिना किदवई और आशा भोसले को दी गई श्रद्धांजलि

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** महानगर कांग्रेस कमेटी की तरफ से सोमवार को शोकसभा में पूर्व केंद्रीय मंत्री व वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोहसिना किदवई औऱ्द्ध गायिका आशा भोसले के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

महानगर अध्यक्ष दिनेश दद्दा ने मोहसिना किदवई के राजनीतिक योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि किदवई उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले से जुड़ी एक अनुभवी नेता थीं। उन्होंने इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के कार्यकाल में केंद्रीय मंत्री के रूप में महत्वपूर्ण कार्याय किए। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष प्रेम प्रकाश ने आशा भोसले को याद करते हुए कहा कि उनकी आवाज बेमिसाल थी। उन्होंने अपने गायन से देश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऊंचा किया । शोकसभा में प्रवक्ता पंडित राज शर्मा, अकरम खान, महिंदर पाल गंगवार, जीशान अफरीदी, मुजमील हसन, तीरथ मधुकर, देवेंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, अंश वर्मा सहित कई कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।



श्रद्धांजलि अर्पित करते कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# परीक्षा फॉर्म भरने के लिए उमड़े छात्र

- प्राचार्य कार्यालय के बाहर लंबी कतारें लगने से अव्यवस्था
- कर्मचारियों को बुलाकर खुलवाए गए अतिरिक्त काउंटर

कार्यालय संवाददाता, बरेली


बरेली कॉलेज में परीक्षा फॉर्म भरने के लिए पहुंचे छात्र- छात्राएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** बरेली कॉलेज में सोमवार को परीक्षा फॉर्म भरने और विषय संशोधन को लेकर विद्यार्थियों की भारी भीड़ उमड़ी। प्राचार्य कार्यालय के बाहर लंबी कतारें लगने से अव्यवस्था की स्थिति बन गई। कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. वंदना शर्मा ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली।

उन्होंने डीएसडब्ल्यू प्रो. एमबी कलहंस और चीफ प्रॉक्टर प्रो. इंदीवर सिंह के साथ काउंटरों का निरीक्षण किया। विद्यार्थियों की संख्या के मुकाबले काउंटर कम होने पर अनुपस्थित कर्मचारियों को तत्काल फोन कर बुलाया गया और अतिरिक्त काउंटर खुलवाकर विद्यार्थियों की व्यवस्थित लाइन लगवाई गई। सर्वर संबंधी समस्या को भी विश्वविद्यालय स्तर पर संपर्क कर जल्द ठीक कराया गया। व्यवस्था सुधारने के बाद कार्यवाहक प्राचार्य ने महाविद्यालय की कक्षाओं का भी निरीक्षण किया। साथ ही दोनों प्रवेश द्वारों पर तैनात प्रॉक्टोरियल बोर्ड व सुरक्षा कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बरेली कॉलेज में उनका कार्यवाहक प्राचार्य के रूप में सोमवार को पहला दिन था। मीडिया प्रभारी प्रो. एसी त्रिपाठी ने बताया कि जिन विद्यार्थियों की फीस रसीद खो गई है, वे 18 अप्रैल तक प्रवेश पोर्टल से उसे डाउनलोड कर सकते हैं। वहीं राजनीति शास्त्र विभाग की मिड टर्म परीक्षा 20 अप्रैल को निर्धारित कक्षाओं में कराई जाएगी।

## कई नोटिस जारी बयान दर्ज कराने नहीं आए अलंकार

**बरेली, अमृत विचार:** सिटी मजिस्ट्रेट पद से इस्तीफा देकर राज्य व केंद्र के विरुद्ध बयानबाजी और प्रदर्शन करने पर निलंबित किए गए पीसीएस अलंकार अग्निहोत्री के विरुद्ध जांच जारी है। कई नोटिसों के बाद भी वह बयान दर्ज कराने नहीं आए।

कमिश्नर भूपेंद्र एस. चौधरी प्रकरण की जांच कर रहे हैं। बयान दर्ज कराने के लिए अलंकार अग्रिहोत्री को कई नोटिस जारी किए। कमिश्नर का कहना है कि यदि अलंकार नहीं आएंगे तो बिना बयान दर्ज किए जांच रिपोर्ट शासन को भेज दी जाएगी। दरअसल, मार्च में शासन की ओर से जारी किए गए आरोपपत्र का कुछ हिस्सा अपनी फेसबुक वॉल पर शेयर कर अलंकार अग्निहोत्री ने कहा था कि वह पहले ही इस्तीफा दे चुके हैं तो निलंबित करने का कोई प्रश्न नहीं होता।

# खालसाई कीर्तन दरबार से संगत हुई निहाल

- वैशाखी पर आज खालसा ग्राउंड में सजेगा मुख्य दीवान

कार्यालय संवाददाता, बरेली


कीर्तन दरबार में शामिल बड़ी संख्या में संगत। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** गुरुद्वारा मॉडल टाउन में सोमवार की रात खालसाई कीर्तन दरबार सजाया गया। दरबार में ज्ञानी निर्मल सिंह ने रहिरास पाठ किया। रागी हरमीत सिंह ने शबद चौकी आरती एवं गुरु गोविंद सिंह के बनाए खालसा की उस्ताति में गुरवाणी कीर्तन गाया। पंथ प्रचारक ज्ञानी लखविंदर सिंह ने खालसा सृजना का इतिहास सुनाया। पानीपत से आये कीर्तनिये हरकीरत सिंह ने नंद लाल सिंह द्वारा रचित वाणी गायन की।

तख्त श्री केशगढ़ साहब से आए सिमरनदीप सिंह ने गुरवाणी गायन कर संगत को निहाल किया। श्री दरबार साहब से आए कवलजीत सिंह ने गुरु का हुकमनामा रूहानी आवाज में सुनाया। कार्यक्रम संचालन मालिक सिंघ कालड़ा ने किया। बताया कि मंगलवार को खालसा ग्राउंड पीलीभीत रोड कुर्मांचल नगर के सामने खालसा साजना दिवस मनाया जाएगा। विभिन्न स्थानों से फ्री बस एवं ऑटो रिक्शा की व्यवस्था की गई है। सुबह आसा की वार कीर्तन के बाद अरदास हुकुमनामा कर फूलों से सुसज्जित गाड़ी में पंज प्यारों की अगुवाई में गुरवाणी कीर्तन करते हुए संगत खालसा ग्राउंड स्थित पंडाल में पहुंचेगी। शाम पांच बजे तक मुख्य दीवान सजेगा।

सोमवार को पूरे दिन स्त्री सत्संग सभा व अन्य संगत ने खालसा ग्राउंड जाकर सुखमनी साहब का पाठ करने के साथ लंगर के लिए सब्जियों का काटने व अन्य सेवाएं कीं।

# विवि ने वार्षिक परीक्षाओं के लिए बनाए 59 केंद्र

- रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने जारी की परीक्षा केंद्रों की सूची

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने सोमवार को वार्षिक परीक्षाओं के लिए परीक्षा केंद्रों की सूची जारी कर दी है। विश्वविद्यालय ने बीए, बीएससी, बीकॉम, एमएससी, एमकॉम और व्यवसायिक पाठ्यक्रम के लिए निर्धारित परीक्षा केंद्रों में 59 कॉलेजों को शामिल किया हैं। इसमें बरेली कॉलेज को 18 महाविद्यालयों का, डॉ राम मनोहर लोहिया राजकीय महाविद्यालय आंवला को 4 महाविद्यालयों का, गन्ना उत्पादक महाविद्यालय बहेड़ी को 6 महाविद्यालयों का, खंडेलवाल कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी को 11 महाविद्यालयों का, राजेंद्र प्रसाद स्नातकोत्तर महाविद्यालय मीरगंज को 8 महाविद्यालयों का, रीजनल कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल एजुकेशन एंड रिसर्च को 3 महाविद्यालयों का, साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय को 4 महाविद्यालयों का, सरदार बल्लभ भाई पटेल डिग्री कॉलेज भोजीपुरा को 4 महाविद्यालयों का परीक्षा केंद्र बनाया हैं।

इसके साथ ही विश्वविद्यालय ने पीलीभीत में 3 महाविद्यालयों को, बदायूं में 5 महाविद्यालयों को, रामपुर में 5 महाविद्यालयों को, शाहजहांपुर में 9 महाविद्यालयों को, मुरादाबाद में 8 महाविद्यालयों को, बिजनौर में 13 महाविद्यालयों को, जेपी नगर में 3 महाविद्यालयों को, संभल में 5 महाविद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया।

## महाविद्यालयों में बनेंगे डिजिटल नोडल केंद्र

- ई-लर्निंग पार्क, एलएमएस और ऑनलाइन कोर्स से जुड़ेंगे छात्र

**बरेली, अमृत विचार :** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने संबद्ध सभी राजकीय, अनुदानित और स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों को डिजिटल शिक्षा ढांचे को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए हैं। उच्च शिक्षा के प्रत्येक महाविद्यालय में डिजिटल नोडल केंद्र और ऑनलाइन व ई-लर्निंग पार्क स्थापित किए जाएंगे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत छात्रों को आधुनिक डिजिटल प्लेटफार्मों से जोड़ना अनिवार्य किया गया है। इसके लिए महाविद्यालयों में डिजिटल नोडल केंद्र स्थापित कर छात्रों को स्वयं, एनपीटीईएल, निर्लिट और वर्चुअल लैब्स जैसे प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध ऑनलाइन पाठ्यक्रमों से जोड़ा जाएगा। साथ ही इन पाठ्यक्रमों के क्रेडिट ट्रांसफर की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी। कहा गया कि प्रत्येक महाविद्यालय में एक ऑनलाइन शिक्षा नोडल अधिकारी नामित करना अनिवार्य होगा। यह अधिकारी छात्रों को ऑनलाइन कोर्स, क्रेडिट ट्रांसफर और डिजिटल संसाधनों के उपयोग के प्रति जागरूक करेगा। इसके अतिरिक्त कॉलेजों में लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम, डिजिटल लाइब्रेरी और वर्चुअल लैब्स विकसित करने पर विशेष जोर दिया गया है। शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर मिश्रित शिक्षण मॉडल (ऑनलाइन और ऑफलाइन) को प्रभावी रूप से लागू करने की योजना बनाई गई है। व्यवस्थाओं के क्रियान्वयन की अनुपालन रिपोर्ट भी निर्धारित समय सीमा में भेजना अनिवार्य किया गया है।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम के संबंध में विश्वविद्यालय में बैठक

**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में 15 और 16 अप्रैल को कार्यक्रम होगा। सोमवार को बैठक में कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा करते हुए उसकी कार्ययोजना तैयार की गई। विश्वविद्यालय और महाविद्यालय स्तर पर विभिन्न जागरूकता एवं सहभागिता कार्यक्रम आयोजित कर अधिनियम के प्रति समर्थन व्यक्त किया जाएगा। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने कहा कि वर्तमान सरकार महिला सशक्तिकरण और महिला नेतृत्व को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल कर रही है। यह कदम भारतीय राजनीति में महिलाओं को सम्मान और भागीदारी देने की दिशा में सराहनीय प्रयास है। बैठक में कुलसचिव हरीश चंद और उपकुलसचिव सुनीता यादव, प्रो. शोभना सिंह, प्रो. अनिता त्यागी, प्रो. अर्चना गुप्ता, प्रो. तूलिका सक्सेना, संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, चीफ प्रॉक्टर, वार्डन्स, एनएसएस संयोजक आदि मौजूद रहे।

## तुलसी और जालंधर के प्रसंग का किया वर्णन

**बरेली, अमृत विचार:** राजेंद्र नगर स्थित नीलकंठ मंदिर में श्री शिव महापुराण कथा के सातवें दिन सोमवार को वातावरण शिवभक्ति में सराबोर हो गया।

वृंदावन से पधारीं कथा व्यास राध्या भारद्वाज ने तुलसी कथा और जालंधर उद्धार का भावपूर्ण वर्णन किया। बताया कि वृंदा (तुलसी) की पतिव्रता शक्ति के कारण असुर जालंधर अत्यंत शक्तिशाली था। देवता भी उसे पराजित नहीं कर सके। देवताओं की प्रार्थना पर भगवान शिव ने समाधान किया। भगवान विष्णु ने वृंदा की तपस्या की परीक्षा ली, जिससे जालंधर की शक्ति क्षीण हो गई और भगवान शिव ने उसका वध कर दिया। कथा व्यास ने कहा कि वृंदा के त्याग और तपस्या के कारण ही उन्हें तुलसी रूप में अमरत्व प्राप्त हुआ। अर्चना अग्रवाल, अनीता, सीमा कपूर, पूजा, सरिता, दुर्गा, आयुष अग्रवाल, पवन अरोड़ा, हरवेंदृ रहेजा, श्याम माथुर, रोहित कुमार, एबी सक्सेना उपस्थित रहे।

# डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती सफल बनाने के लिए बैठक


आंबेडकर जयंती को लेकर जुटे बसपा पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार:** डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती की तैयारियों को लेकर बसपा के मंडल कार्यालय पर सोमवार को पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पूर्व सांसद बाबू मुनकाद अली ने बैठक की। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि हमें बाबा साहब का जन्म दिवस 14 अप्रैल को भव्य तरीके से मनाया जाएगा जिसमें अधिक से अधिक संख्या में बाबा साहब डॉ भीम राव अंबेडकर सामाजिक परिवर्तन स्थल गोमती नगर, लखनऊ पहुंचना है। जिला अध्यक्ष डा. जयपाल सिंह ने बताया कि लखनऊ रैली के लिए 42 बसें एवं 150 से अधिक छोटे वाहन जाएंगे। मंडल प्रभारी दीनदयाल एडवोकेट, श्याम मूर्ति सिंह, राजबीर सिंह, राजेश सागर एवं मंडल प्रभारी अयोध्या प्रसाद गंगवार, जगदीश प्रसाद, रामदास कश्यप, लक्ष्मी नारायण समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# छात्र उगा रहे टमाटर, कैंपस में ही बेच रहे

- विश्वविद्यालय के प्रोफेसर बन रहे ग्राहक, बाजार में भी होगी बिक्री
- रुहेलखंड विश्वविद्यालय में बॉटनिकल गार्डन में खेती कर रहे कृषि संकाय के छात्र

कार्यालय संवाददाता, बरेली


विश्वविद्यालय में टमाटर तोड़ते छात्र। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कृषि संकाय के छात्र विश्वविद्यालय परिसर में सीखो और कमाओ मॉडल को जमीन पर उतार रहे हैं। कृषि संकाय के छात्र बॉटनिकल गार्डन में ऑर्गेनिक खेती के माध्यम से टमाटर उगाकर कैंपस में ही उसकी बिक्री कर रहे हैं। इस मॉडल के माध्यम से छात्र न केवल खेती की व्यावहारिक बारीकियां सीख रहे हैं, बल्कि अपनी उपज से आय अर्जित करने की दिशा में भी कदम बढ़ा रहे हैं।

विश्वविद्यालय के कृषि संकाय विभाग की ओर से बॉटनिकल गार्डन में छात्रों को ऑर्गेनिक खेती की बारीकियां सिखाई जा रही हैं। छात्र ऑर्गेनिक खेती से स्वयं टमाटर की खेती कर रहे हैं। इसके बाद वह खुद से तैयार फसल को रोज गार्डन से तोड़कर बेच रहे हैं। खास बात यह है कि विश्वविद्यालय के शिक्षक खुद टमाटर खरीदकर उनका उत्साह बढ़ा रहे हैं। कृषि संकाय के छात्रों ने अप्रैल माह में 24 किलो टमाटर का उत्पादन किया। इस पहल से छात्रों में आत्मनिर्भरता की भावना विकसित हो रही है। उन्हें कृषि के व्यावसायिक पहलुओं की भी समझ मिल रही है। कृषि संकाय के विभागाध्यक्ष प्रो. उपेंद्र बालियान ने बताया कि आने वाले समय में छात्र गोभी, बैंगन, चना, खीरा, ब्रोकोली, भिंडी और मूंग जैसी फसलों का भी उत्पादन करेंगे। यदि उत्पादन अधिक हुआ तो इसे स्थानीय बाजारों में भी बेचा जाएगा। यह पहल छात्रों को किताबों के साथ-साथ खेत में सीखने का अवसर दे रही है।

## सिटी डायरी

### छात्र-छात्राओं ने एग्रोन रेमेडीज का किया भ्रमण




**बरेली, अमृत विचार :** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी विभाग के डी फार्मा के प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं ने काशीपुर की एग्रोन रेमेडीज प्राइवेट लिमिटेड के विभिन्न विभागों का भ्रमण कर जानकारी प्राप्त की। एग्रोन रेमेडीज लिमिटेड के प्रोडक्शन मैनेजर हरविंदर सिंह और क्यूसी मैनेजर नरेंदर और क्यूए मैनेजर वैभव ने उत्पादों के निर्माण एवं उपकरणों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी की कुलपति डा. लता अग्रवाल एवं फार्मेसी विभाग की प्रधानाचार्या ने आभार व्यक्त किया। असिस्टेंट प्रोफेसर जीवन चंद्र पांडेय, सृष्टि कटियार, सुगंधा सिंह, अमित गंगवार मौजूद रहे।

### डॉ. आंबेडकर की प्रतिमाओं पर दीप जलाकर किया याद



**बरेली, अमृत विचार :** शहर विधायक वनमंत्री डॉ अरुण कुमार ने सोमवार की शाम भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर के जन्म दिवस की पूर्व संध्या पर उनकी मूर्ति स्थलों पर साफ सफाई की और दीप जलाकर उत्सव मनाया। वनमंत्री ने संजय नगर, बुध विहार, छोटी बिहार, कटघर आदि क्षेत्रों में डॉ. आंबेडकर की प्रतिमाओं के समक्ष दीप जलाए। कहा कि डॉ आंबेडकर के सिद्धांत आज भी बहुत प्रासंगिक हैं।

### डॉ. भीमराव आंबेडकर के जन्मदिन की पूर्व संध्या पर प्रार्थना सभा



**बरेली, अमृत विचार :** डॉ. भीमराव आंबेडकर के जन्मदिन की पूर्व संध्या पर सोमवार को श्री गुलाब राय सीनियर सेकेंडरी विद्यालय नैनीताल रोड ब्रांच में प्रार्थना सभा के दौरान एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य रणवीर सिंह रावत ने कहा कि आंबेडकर के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। विद्यार्थियों ने भाषण, कविता एवं नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से डॉ. आंबेडकर के जीवन संघर्ष और सामाजिक सुधारों को प्रस्तुत किया। मीडिया प्रभारी रजनीश त्रिवेदी ने बताया कि सभी विद्यार्थियों ने उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया।

### भगवान की लीला को समझना सरल नहीं, श्रद्धा ही सर्वोपरि



**बरेली, अमृत विचार :** प्रभात नगर स्थित श्री सोमनाथ मंदिर में चल रही रामकथा के दूसरे दिन सोमवार को आचार्य शंभू योगी महाराज ने सती प्रसंग का विस्तृत और भावपूर्ण वर्णन किया। कथा में उन्होंने बताया कि रामायण का यह प्रसंग भगवान राम की दिव्यता और उनकी लीला की गहनता को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि जब भगवान शिव और सती कैलाश पर निवास कर रहे थे। तब नारद मुनि से उन्हें भगवान राम के अवतरण और उनके कार्यों की जानकारी मिली। वन में सीता की खोज करते राम को देखकर सती के मन में संदेह उत्पन्न हुआ। उन्होंने भगवान शिव से प्रश्न किया। लेकिन शिव ने राम को साक्षात परमात्मा बताया। इसके बावजूद सती ने परीक्षा लेने के लिए माता सीता का रूप धारण कर भगवान राम के सामने प्रकट हुईं। जिसे राम ने तुरंत पहचान लिया। आचार्य ने कहा कि यह प्रसंग भगवान के प्रति अटूट श्रद्धा और विश्वास का संदेश देता है। अमर सिंह, आशुतोष गोयल, रविंद्र शर्मा, अजय अग्रवाल, अमित अरोड़ा, मनोज अग्रवाल, आरसी अग्रवाल, यूजी रस्तोगी आदि उपस्थित रहे।

### डॉ. सुरेश बाबू मिश्रा हस्तिनापुर में जयत्री पुरस्कार से विभूषित

**बरेली, अमृत विचार :** साहित्यकार डॉ. सुरेश बाबू मिश्रा को प्राचीन ऐतिहासिक नगर हस्तिनापुर में आयोजित साहित्यिक समारोह में प्रतिष्ठित जयत्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह बहसूमा रियासत के सभागार में आयोजित किया गया। समारोह में प्रदेश भर से आए करीब 80 साहित्यकारों की उपस्थिति रही। सम्मानित साहित्यकारों में बरेली के डॉ. सुरेश बाबू मिश्रा के अलावा हरदोई, लखनऊ, उरई, आगरा, वाराणसी, अमरोहा और अलीगढ़ के साहित्यकार शामिल रहे।

